
| CHAPTER | |
|---|---|
| **1** | **The Indian Contract Act, 1872** |

**Unit : 1** — **अनुबन्ध की प्रकृति**




**2006 – November**

**[1]** 'पी' 'क्यू' को कुछ रकम देने को तैयार है, यदि क्यू आसमान से जमीन पर एक तारा ले आता है, यह एक
(अ) वैध अनुबंध है।
(ब) व्यर्थ ठहराव है।
(स) व्यर्थ अनुबंध है।
(द) प्रवर्तनीय अनुबंध है।

**[2]** भारतीय अनुबंध अधिनियम, 1872 किसने पारित किया है?
(अ) भारतीय संसद
(ब) ब्रिटिश संसद
(स) यू.एस. कांग्रेस
(द) उपरोक्त में कोई नहीं।

**[3]** एक नीलामी विक्रय में, 'x' ने सबसे ऊँची बोली लगायी है। नीलामीकर्ता ने प्रस्ताव को बिना बोले बल्कि हथौड़े को मेज पर गिराकर स्वीकार किया, यह संकेत करता है
(अ) स्पष्ट स्वीकृति
(ब) गर्भित स्वीकृति
(स) भावी स्वीकृति
(द) स्वीकृति नहीं है

**[4]** 'अ' 'ब' से कहता है, "क्या तुम मेरी गाय 100 डॉलर में खरीदोगे?" 'ब' उत्तर देता है "मैं तुम्हारी गाय 100 डॉलर में खरीदूँगा, जब तुम मेरा तोता 120 डॉलर में खरीदोगे" इस मामले में :
(अ) 'ब' 'अ' का प्रस्ताव स्वीकार कर चुका है
(ब) 'ब' 'अ' के लिए एक विपरीत प्रस्ताव रखता है।
(स) 'अ' 'ब' की कार्यवाही द्वारा बाधित है।
(द) 'ब' ऐसा प्रस्ताव नहीं कर सकता है।

**[5]** निम्न में से कौन सा एक वचन प्रवर्तनीय है।
(अ) 'x' ने 'y' को ` 5,000 देने का वचन दिया जिसने उसे डूबने से बचाया।
(ब) 'x' अपने पुत्र को ` 5,000 देने का वचन देता है।
(स) 'x' एक अधिकारिक क्लब में ` 5,000 दान देने का वचन देता है।
(द) 'x' ` 5,000 देने का वचन देता है–एक अतिरिक्त फीस के रूप में अपने वकील को एक वाद को जीतने के लिए।

## 2007 - February

**[6]** निम्न में से कौन सा कथन असत्य है ? एक प्रस्ताव के वैध होने के लिए आवश्यक है:–
(अ) ऐसे किसी शर्त का समावेश जिसकी पूर्ति न होने पर स्वीकृति के समान माना जाए।
(ब) वैधानिक सम्बन्धों को उत्पन्न करने की भावना।
(स) उसमें स्पष्ट तथा निश्चित शर्तें।
(द) उस व्यक्ति को उसका संवहन जिसके लिए उसे बनाया जाता है।

**[7]** 'अ' अपना घोड़ा 'ब' को बेचने को तैयार होता है यदि यह दौड़ जीत जाता है तो ` 25,000 में तथा यदि नहीं जीत पाता है तो ` 15,000 में। घोड़ा दौड़ जीत जाता है। ठहराव हैं।
(अ) वैध तथा प्रवर्तनीय
(ब) अवैध तथा प्रवर्तनीय
(स) व्यर्थ तथा बाजी
(द) व्यर्थनीय तथा बाजी

**[8]** अनुबंध का नियम लागू होता है।
(अ) पूरे भारत में
(ब) पूरे भारत में जम्मू और कश्मीर को छोड़कर
(स) उत्तर भारत में केवल
(द) केवल दक्षिण भारत में

**[9]** माह की 5 तारीख को x ने पत्र द्वारा y को प्रस्ताव भेजा, जो y के पास 6 तारीख को पहुँचा। y ने 7 तारीख को अपनी स्वीकृति पत्र द्वारा भेजी।
इसी बीच x ने 6 तारीख को प्रस्ताव खत्म करने का पत्र भेजा। यह देखकर y ने 8 तारीख को एक पत्र x को भेजा

जिसमें वह 7 तारीख को तार द्वारा भेजी गयी स्वीकृति को पक्का करना चाहता है, इन पत्रों की वैधानिकता पर प्रकाश डालिए।

(अ) x और y के मध्य कोई अनुबंध नहीं है।
(ब) x और y के मध्य अनुबंध हो गया था जब y ने 7 तारीख को स्वीकृति का पत्र भेजा
(स) (अ) या (ब)
(द) उपरोक्त कोई नहीं

## 2007 - May

**[10]** ________ अनुबंध अच्छा होता है परन्तु कुछ तकनीकी कमियों के कारण संघर्ष करता है।
(अ) वैध
(ब) अवैधानिक
(स) व्यर्थनीय
(द) अप्रवर्तनीय

**[11]** 'x', 'z' को ` 5,00,000 देने का वचन देता है, यदि 'z' उसकी मरी हुई पत्नी को जिन्दा कर देता है। यह अनुबंध है।
(अ) वैध
(ब) व्यर्थ
(स) असम्भव निष्पादन
(द) अप्रवर्तनीय

**[12]** 'समझौता' भारतीय अनुबंध अधिनियम, 1872 की धारा ________ में परिभाषित है।
(अ) 2 (e)
(ब) 2 (c)
(स) 2 (g)
(द) 2 (i)

**[13]** 'x' 'y' को एक प्रस्ताव देता है जिसे 'y' स्वीकार कर लेता है। लेकिन 'x' की जानकारी में स्वीकृति आने से पूर्व ही, 'y' अपनी स्वीकृति को खंडित करने का टेलीग्राम भेज देता है। खंडन कब पूरा माना जायेगा ?
(अ) जब टेलीग्राम 'x' प्राप्त करता है।
(ब) जब 'x' खंडन स्वीकार करता है।
(स) जब टेलीग्राम पोस्ट किया जाता है।
(द) जब तार का मसौदा x की जानकारी में आता है।

## 2007 - August

**[14]** जब दो पक्षकार एक जैसे ही प्रस्ताव, एक दूसरे को दिए गए प्रस्तावों की अनदेखी करके प्रस्ताव करते हैं, ऐसे प्रस्ताव कहे जाते हैं।
(अ) विपरीत प्रस्ताव
(ब) प्रति प्रस्ताव
(स) सामान्य प्रस्ताव
(द) विशिष्ट प्रस्ताव

**[15]** एक ठहराव जो उसके एक या अधिक पक्षकारों के चयन पर कानून द्वारा प्रवर्तनीय होता है, लेकिन दूसरे या दूसरों के चयन पर नहीं होता है।
(अ) वैध अनुबंध
(ब) अप्रवर्तनीय अनुबंध
(स) व्यर्थनीय अनुबंध
(द) व्यर्थ ठहराव

**[16]** X ने Y को अपने पुत्र की शादी में आमंत्रित किया। Y ने आमंत्रण स्वीकार कर लिया। इस मामले में एक समझौता है परन्तु अनुबन्ध नहीं है क्योंकि –
(अ) वहाँ कोई प्रतिफल नहीं है।

(ब) वहाँ कानूनी सम्बन्ध उत्पन्न करने का उद्देश्य नहीं है।
(स) वहाँ कोई लिखित पत्र नहीं है।
(द) वहाँ किसी प्रस्ताव की नियमित स्वीकृति नहीं है।

**[17]** 'x' 'y' को ` 10,00,000 में अपना घर बेचने का प्रस्ताव रखता है और अपने पत्र में लिखता है यदि कुछ समय के भीतर स्वीकृति का संवहन नहीं किया जाता है तो प्रस्ताव को स्वीकृत मान लिया जायेगा, यहाँ 'x'का पत्रः–
(अ) प्रस्ताव होगा।
(ब) वचन होगा।
(स) प्रस्ताव नहीं होगा।
(द) स्वीकृत होगी।

## 2007 - November

**[18]** 'ल' 'ज' से कहता है, ''मैं अपना घर बेचना चाहता हूँ, क्या तुम खरीदोगे?'' 'ज' कहता है, ''हाँ मैं खरीदूगाँ'' समझौता किस कारण व्यर्थ है।
(अ) अनिश्चित अर्थ
(ब) अनिश्चित मूल्य
(स) अनिश्चित विषय माल
(द) विषय माल के गुणों की अनिश्चितता

**[19]** एक निष्पादित प्रतिफल है।
(अ) एक क्रिया जो पारस्परिक वचनों के विनिमय के लिए
(ब) एक क्रिया जो प्रस्ताव की स्वीकृति के लिए की जाए
(स) एक क्रिया जो सकारात्मक वचन के जवाब में की जाए
(द) उपरोक्त सभी

**[20]** कौन सा एक स्वयं सेवा स्टोर के लिए एक प्रस्ताव स्थापित होता है।
(अ) कोई भी वस्तु उठा लेना और रोकड़िया की मेज पर भुगतान करना दुकान पर माल का प्रदर्शन
(ब) दुकान पर माल का प्रदर्शन
(स) यहाँ पर कोई भी प्रस्ताव नहीं है।
(द) जब उपभोक्ता कुछ माल के लिए पूछे

## 2008 - February

**[21]** अवैधानिक ठहरावों के मामले में, समपार्श्विक ठहराव होते हैं।
(अ) वैध
(ब) व्यर्थनीय
(स) व्यर्थ
(द) कोई नहीं

**[22]** 'स' अपना DVD Player 'र' को बेचने का समझौता करता है जिसमें सुपुर्दगी भुगतान कि तिथि पर होगी। 'र' एक महीने के बाद भुगतान करने का वचन देता है। यह उदाहरण हैः–
(अ) व्यर्थ अनुबंध
(ब) अवैधानिक अनुबंध
(स) एकपक्षीय अनुबंध
(द) द्विपक्षीय अनुबंध

**[23]** एक दुकान में माल, मूल्य लेबल लगे रखे हैं, ये होंगे–
(अ) प्रस्ताव
(ब) प्रस्ताव की स्वीकृति
(स) प्रस्ताव का आमंत्रण
(द) विपरीत प्रभाव

**[24]** स्वीकारक के विरूद्ध, स्वीकृति का संवहन पूरा माना जायेगा,
(अ) जब स्वीकारक के द्वारा, संवहन के माध्यम में छोड़ दी जाए, और उसकी पहुंच से दूर हो जाए
(ब) जब प्रस्तावक की जानकारी में आ जाए
(स) जब प्रस्तावक तथा स्वीकारक दोनों स्वीकृति घोषित कर दे
(द) जब स्वीकारक अधिनियम न्यायालय में स्वीकृति स्वीकार करे।

**[25]** ठहराव के न्यायिक विचार होते हैं कि
(अ) ठहराव तथा दायित्व
(ब) स्वतंत्र सहमति एवं क्षमता
(स) प्रस्ताव एवं स्वीकृति
(द) प्रतिफल एवं उत्पीड़न

## 2008 – June

**[26]** मुख्य रूप से अवैधानिक वचनों के, दोषमुक्त समपार्श्विक अनुबंध होंगे
(अ) वैध
(ब) व्यर्थ
(स) अवैधानिक
(द) व्यर्थनीय

**[27]** 'स' एक प्रस्ताव रखता है, कि जो भी उसके खोए हुए कुत्ते को ढूँढ़ कर लायेगा, उसे पुरस्कार दिया जायेगा। 'फ कुत्ता ढूँढ़ लाते हैं लेकिन उन्हें प्रस्ताव की जानकारी नहीं होती। निम्न में से कौन सा सही है
(अ) 'फ' पुरस्कार पाने का अधिकारी है।
(ब) 'फ' पुरस्कार पाने का अधिकारी नहीं है।
(स) स' को स्वयं अपना कुत्ता खोजना चाहिए।
(द) खोया कुत्ता वापस मिलने पर कुछ पुरस्कार नहीं दिया जा सकता है।

**[28]** एक पत्र द्वारा 'अ' 'ब' को अपना घर बेचने का प्रस्ताव 10 जनवरी 2008 को भेजता है चालीस लाख रु. में। 'ब' को यह पत्र 17 जनवरी 2008 को मिलता है वह अपनी स्वीकृति 18 जनवरी 2008 को पोस्ट करता है, जो 'अ' तक 30 जनवरी 2008 को पहुंचती है। यहाँ पर प्रस्ताव का संवहन कब पूरा हुआ?
(अ) 18.01.2008
(ब) 30.01.2008
(स) 17.01.2008
(द) 10.01.2008

**[29]** उपरोक्त प्रश्न में, 'अ' के विरूद्ध स्वीकृति का संवहन 18 जनवरी 2008 को पूरा हुआ, तथा 'ब' के विरूद्ध
(अ) 18.01.2008
(ब) 30.01.2008
(स) 17.01.2008
(द) 10.01.2008

## 2008 – December

**[30]** एक प्रस्ताव जो कुछ समय की स्वीकृति के लिए खुला रखा जाता है, उसे कहते हैं:–
(अ) स्थायी प्रस्ताव
(ब) सतत् प्रस्ताव
(स) मुक्त प्रस्ताव
(द) उपरोक्त सभी

**[31]** आम जनता को किया गया प्रस्तावः–
(अ) प्रति प्रस्ताव
(ब) विपरीत प्रस्ताव
(स) सामान्य प्रस्ताव

(द) स्थायी प्रस्ताव

## 2009 – June

**[32]** ए ने बी को अपने घर पर रात्रि भोजन के लिए आमंत्रित किया। बी. निश्चित दिन पर नहीं पहुँचा। ए बी पर मुकदमा नहीं कर सकता क्योंकि–
(अ) वहाँ कोई कानूनी सम्बन्ध उत्पन्न नहीं होते।
(ब) वहाँ कोई वचन नहीं है।
(स) वहाँ कोई स्वीकृति नहीं है।
(द) वहाँ कोई प्रस्ताव नहीं है।

**[33]** एक वचन है –
(अ) प्रतिफल
(ब) अनुबंध
(स) एक स्वीकृति प्रस्ताव
(द) प्रस्ताव

**[34]** उपरोक्त कथन सत्य है या असत्य–''सभी अनुबंध समझौते हैं। परन्तु सभी समझौते अनुबंध नहीं होते हैं।
(अ) सत्य
(ब) असत्य
(स) आंशिक सत्य
(द) कुछ कहा नहीं जा सकता

**[35] समरूप प्रश्न 8 [Feb. – 2007]**

**[36]** यदि लेन–देन अवैधानिक है, समपार्श्विक लेन–देन होते हैं।
(अ) व्यर्थ
(ब) अवैधानिक
(स) अप्रवर्तनीय
(द) उपरोक्त में कोई नहीं।

**[37]** एक कानून द्वारा प्रवर्तनीय समझौता है।
(अ) दायित्व
(ब) वचन
(स) प्रस्ताव
(द) अनुबंध

**[38] समरूप प्रश्न 16 [Aug. – 2007]**

**[39]** B का लड़का खो गया। A, B के लड़के की खोज में गया। B ने प्रस्ताव बनाया कि जो भी उसके पुत्र को खोजेगा उसे ` 1,000 का पुरस्कार दिया जाएगा। A ने B के लड़के को पाया। क्या A ` 1,000 के लिए B पर मुकदमा कर सकता है।
(अ) हाँ, A ने B के पुत्र को खोजा।
(ब) नहीं, A को प्रस्ताव की कोई जानकारी नहीं थी।
(स) नहीं, A, B द्वारा भाड़े पर ले लिया गया।
(द) उपरोक्त में कोई नहीं।

**[40]** A ने B को वस्तुओं को बेचने का प्रस्ताव, पत्र के द्वारा भेजा, हालांकि पत्र अभी रास्ते में ही था। A ने प्रस्ताव के खण्डन का एक पत्र B को भेज दिया जो कि B द्वारा प्रथम पत्र से पहले प्राप्त किया गया।
(अ) अनुबंध वैध है।
(ब) विखण्डन वैध है क्योंकि यह प्रथम पत्र से पहले B के पास पहुँचा।
(स) अनुबंध व्यर्थ है।
(द) उपरोक्त में कोई नहीं।

## 2009 – December

**[41]** व्यर्थनीय अनुबन्ध है :–
(अ) कानून द्वारा परिवर्तनीय नहीं
(ब) दोनों पक्षकार के विकल्प द्वारा परिवर्तनीय
(स) एक पक्षकार के ही द्वारा परिवर्तनीय
(द) एक या एक से अधिक पक्षकारों के विकल्प द्वारा परिवर्तनीय लेकिन

अन्य पक्षकार के विकल्प पर परिवर्तनीय नहीं।

**[42]** ''ब'' ''अ'' को पत्र द्वारा अपनी सहमति भेजता है। डाकिये की गलती से वह पत्र खो गया तो अनुबन्ध है।
(अ) व्यर्थनीय
(ब) वैध
(स) व्यर्थ
(द) अवैधानिक

**[43]** वैध अनुबन्ध के मौलिक आवश्यक तत्व हैं।
(अ) प्रतिफल
(ब) स्वतन्त्र सहमति
(स) आदर्श सहमति
(द) उपरोक्त सभी

## 2010 – June

**[44]** बैंक की स्वचालित गणना मशीन (ए.टी.एम) के माध्यम से रोकड़ प्राप्त करना कैसे अनुबन्ध को जन्म देता है :–
(अ) एकपक्षीय अनुबन्ध।
(ब) अव्यक्त अनुबन्ध।
(स) निष्पादित अनुबन्ध।
(द) निष्पादकीय अनुबन्ध।

**[45]** एक अनुबन्ध इनमें से क्या है :–
(अ) भारतीय नागरिकों के मध्य एक समझौता ।
(ब) एक समझौता जो अनुबन्ध के पक्षकारों द्वारा प्रवर्तनीय है।
(स) एक समझौता जो कानून द्वारा प्रवर्तनीय है ।
(द) समझौता है ही नहीं।

**[46]** निम्न में से कौन सा असत्य है? प्रस्ताव के वैध होने के लिए आवश्यक है:–
(अ) प्रस्ताव में ऐसी कोई शर्त होनी चाहिए जिसकी अवमानना स्वीकृति के समतुल्य मानी जाये।
(ब) प्रस्ताव निश्चित, पक्का तथा स्पष्ट होना चाहिए।
(स) प्रस्ताव से वैधानिक सम्बन्धों का उदय होना चाहिए।
(द) प्रस्ताव का उस व्यक्ति को संवहन होना चाहिए जिसके प्रति इसे रखा जा रहा है।

**[47]** 'ए', एक घड़ी मरम्मतकर्ता 'बी' को अपनी घड़ी मरम्मत के लिए देता है बिना किसी अनुबन्धीय सम्बन्धों को बनाये। फिर भी वैधानिक सम्बन्धों का उद्‌गम होता है जिससे अनुबन्ध बनता है :–
(अ) व्यक्त अनुबन्ध।
(ब) गर्भित अनुबन्ध।
(स) अदृश्य अनुबन्ध।
(द) औपचारिक अनुबन्ध।

**[48]** मूल्य सूची किस वर्ग से सम्बन्धित है?
(अ) एक प्रस्ताव।
(ब) प्रस्ताव के लिए आमंत्रण।
(स) एक प्रश्न का उत्तर।
(द) एक प्रस्ताव की स्वीकृति।

## 2010 – December

**[49]** A ने तस्करी किये हुए माल को ` 100 में बेचा।
यह अनुबन्ध ________ के आधार पर व्यर्थ है।
(अ) गैर कानूनी
(ब) लोकनीति के विरुद्ध
(स) कपट
(द) इनमें से कोई

**[50]** वह एक तरफा अनुबन्ध जिसमें केवल एक पक्ष को अपना वचन पूरा करना होता है, ऐसे अनुबन्ध होते हैं :
(अ) द्विपक्षीय अनुबन्ध
(ब) निष्पादकीय अनुबन्ध

(स) एकपक्षीय अनुबन्ध
(द) निष्पादित अनुबन्ध

**[51] समरूप प्रश्न 16 [Aug. – 2007]**

**[52]** पक्ष के व्यवहार से यदि अनुबन्ध जाना जाता है तो ऐसे अनुबन्ध को कहा जाता है :
(अ) गर्भित अनुबन्ध
(ब) व्यक्त अनुबन्ध
(स) एकपक्षीय अनुबन्ध
(द) अदृश्य अनुबन्ध

**[53]** अवैधानिक समझौते के समपार्श्विक लेने–देन होते हैं :
(अ) व्यर्थ
(ब) वैध
(स) न्यायसम्मत
(द) प्रवर्तनीय

**[54]** सभी समझौते अनुबन्ध हैं। यदि वे उन पक्षकारों की स्वतंत्र सहमति से किये जाते हैं जो अनुबन्ध करने के योग्य है, वैधानिक प्रतिफल के लिए एवं वैधानिक उद्देश्य से किये जाते हैं तथा वह ऐसे अनुबन्ध नहीं हैं जिन्हें इस अधिनियम द्वारा स्पष्ट रूप से घोषित किया गया है।
(अ) वैध
(ब) व्यर्थ
(स) न्यायसम्मत
(द) प्रवर्तनीय

**[55]** जब विपरीत प्रस्ताव किया जाता है तो मूल प्रस्ताव _______ हो जाता है :
(अ) पतित हो जाता है
(ब) बदल जाता है
(स) चालू रहता है
(द) इनमें से कोई नहीं

**[56]** एक कम्पनी द्वारा अपने अंशों एवं ऋणपत्रों के निर्गमन हेतु निकाली गयी विवरण पुस्तिका (प्रॉस्पेक्ट्स) होती है :
(अ) प्रस्ताव हेतु आमन्त्रण
(ब) अंश एवं ऋणपत्रों को विक्रय करने का व्यक्त प्रस्ताव
(स) अंश एवं ऋणपत्रों को विक्रय करने का गर्भित प्रस्ताव
(द) इनमें से कोई नहीं

## 2011 – June

**[57]** वह अनुबन्ध जिसमें केवल एक ही पक्षकार को अपना वचन अथवा कुछ करने या न करने का दायित्व पूरा करना होता है, वह होते हैं :
(अ) एकपक्षीय अनुबन्ध
(ब) द्विपक्षीय अनुबन्ध
(स) अवैधानिक अनुबन्ध
(द) अप्रवर्तनीय अनुबन्ध

**[58]** टेलीफोन द्वारा वार्तालाप में,स्वीकृति कब पूरी मानी जाएगी :
(अ) जब प्रस्ताव रखने वाला शब्दों को सुन ले
(ब) जब स्वीकारक शब्दों को बोल दे
(स) शब्द सुन लिये जाए तथा कार्य कर दिया जाए
(द) इनमें से कोई नहीं

**[59]** जब किसी विशिष्ट व्यक्ति के समक्ष प्रस्ताव रखा गया हो, तो ऐसे प्रस्ताव को कहते हैं :
(अ) विशेष प्रस्ताव
(ब) विपरीत प्रस्ताव
(स) प्रति प्रस्ताव
(द) सामान्य प्रस्ताव

## 2011 – December

**[60]** यात्रा ट्रेवल मुम्बई से नासिक तक की ए०सी० बसें चलवाता है। बस स्टॉप पर मुम्बई में खड़ी है नासिक जाने वाले यात्रियों के लिए तथा रवाना होने के

लिए तैयार है। यात्रियों के लिए यह एक _______ है।
(अ) आंतरिक प्रस्ताव
(ब) बाहरी प्रस्ताव
(स) व्यक्त प्रस्ताव
(द) गर्भित प्रस्ताव

**[61]** एक ऐसा अनुबन्ध जिसमें किसी एक पक्ष की सहमति अनुचित प्रभाव द्वारा ली गई हो वह होगा :
(अ) व्यर्थ तथा इसे लागू नहीं किया जा सकता
(ब) जिस पक्ष पर अनुचित प्रभाव डाला गया हो उसकी मर्जी पर व्यर्थनीय
(स) वैध अगर कानून द्वारा उसे अनुमोदित किया गया हो
(द) एक अवैध अनुबन्ध

**[62]** एक व्यर्थनीय अनुबन्ध वह होता है जो :
(अ) दोनों पक्षों द्वारा लागू नहीं किया जा सकता
(ब) किसी भी पक्ष द्वारा लागू किया जा सकता है
(स) केवल कानून की सहमति पर लागू किया जा सकता है
(द) किसी एक पक्ष द्वारा लागू किया जा सकता है

**[63]** A ने B को अपना मकान बेचने का प्रस्ताव दिया, B इस मकान को खरीदने के लिए तैयार हो जाता है यदि B का वकील इसकी सहमति दे दें। इनमें से कौन सा वाक्य सत्य है :
(अ) B का वाक्य स्वाधीन है एवं निपुण नहीं है
(ब) B का वाक्य स्वाधीन नहीं है परन्तु निपुण है
(स) B का वाक्य स्वाधीन है तथा निपुण है
(द) उपरोक्त सभी गलत है

## 2012 – June

**[64]** किसी बाध्य अनुबन्ध के लिए अनुबन्ध के दोनो पक्षो को :
(अ) एक ही बात को एक ही संदर्भ में समझना
(ब) प्रस्ताव एवं विपरीत प्रस्ताव रखना
(स) अपने अपने अलग–अलग प्रस्ताव एवं प्रतिफल का समझौता करना
(द) एक दूसरे से समर्थ नहीं होना चाहिए

**[65]** कानूनी दायित्व का अर्थ होता है वह दायित्व जो __________ द्वारा लागू किये जाते हैं।
(अ) कानून
(ब) समाज
(स) रीतियों
(द) इनमें से कोई नहीं

**[66]** अनुबन्ध केवल वह समझौते होते हैं जो :
(अ) एक वचन धारण किये होते हैं
(ब) कानूनी तौर पर लागू नहीं हो सकते
(स) कानूनी तौर पर लागू होते हैं
(द) व्यर्थ नही होते हैं

**[67]** यदि वचनगृहीता स्वीकृति देने से पहले किसी शर्त का पालन नहीं करता तो इससे क्या होगा ?
(अ) समझौता पूरा होगा
(ब) समझौते का आवागमन होगा
(स) समझौते की समाप्ति हो जाएगी
(द) समझौते का आचरण होगा

**[68]** इनमें से कौन से समझौते, स्थिति या अवस्था के अनुसार बनाये जाते हैं
(अ) लिखित
(ब) मौखिक

(स) व्यर्थ
(द) गर्भित

**[69]** यदि एक पुस्तक विक्रेता पुस्तकों को नकद बेचता है तो यह होगा :
(अ) एक पक्षीय अनुबन्ध
(ब) द्विपक्षीय अनुबन्ध
(स) निष्पादित अनुबन्ध
(द) निष्पादकीय अनुबन्ध

**[70]** लॉं बुक कम्पनी ने बार काउन्सिल के अध्यक्षों की हाल ही में निकली एक लॉं की पुस्तक को बेचने का प्रस्ताव रखा। यह प्रस्ताव है :
(अ) सामान्य प्रस्ताव
(ब) विशेष प्रस्ताव
(स) गर्भित प्रस्ताव
(द) प्रस्ताव हेतु आमंत्रण

**[71]** एक खिलाड़ी तथा दलाल के बीच में हुआ खेल को निश्चित (फिक्स) करने का अनुबन्ध होता है–
(अ) वैध अनुबन्ध
(ब) अनुबन्ध जो लागू न किया जा सकता हो
(स) व्यर्थ अनुबन्ध
(द) अवैधनीय अनुबन्ध

**[72]** H अपनी कुली की वर्दी पहनकर Z एक पैसेन्जर का सामान उसके बिना कहे रेलवे स्टेशन से टैक्सी स्टैण्ड तक लेके जाता है। Z उसे सामान ले जाने के लिए रोकता भी नहीं है इस स्थिति में Z भुगतान करने के लिए:
(अ) विवश है
(ब) विवश नहीं है
(स) आजाद है
(द) इनमें से कोई नहीं

**[73]** विज्ञापन में घोषित किये गये ''छुट्टी के पैकेज'' किसका उदाहरण है :
(अ) प्रस्ताव
(ब) विपरीत प्रस्ताव
(स) प्रस्ताव हेतु आमंत्रण
(द) इनमें से कोई नहीं

## 2012 – December

**[74]** किसी व्यक्ति के कार को आग लगाने का समझौता होगा:
(अ) वैध
(ब) व्यर्थनीय
(स) व्यर्थ
(द) अवैध

**[75]** एक विशेष प्रस्ताव स्वीकार किया जाता है:
(अ) किसी भी व्यक्ति द्वारा
(ब) प्रस्तावक के किसी मित्र द्वारा
(स) जिसके प्रति प्रस्ताव रखा
(द) स्वीकर्ता के मित्र द्वारा जाता है।

**[76]** यदि गर्भित अनुबन्ध न तो लिखित हो और न ही व्यक्त शब्दों में हो पूर्णतया ––––– होता है यदि अन्य शर्तें पूरी हो रही हों।
(अ) व्यर्थ
(ब) व्यर्थनीय
(स) वैध
(द) अवैध

**[77]** जब कोई प्रस्ताव आम जनता से किया जाता है तो ऐसा प्रस्ताव होता है:
(अ) विपरीत प्रस्ताव
(ब) विशेष प्रस्ताव
(स) सामान्य प्रस्ताव
(द) इनमें से कोई नहीं

**[78]** अवैध समझौते के समपार्श्विक लेने होते हैं:
(अ) वैध
(ब) व्यर्थ
(स) व्यर्थनीय
(द) इनमें से कोई नहीं

**[79]** एक अनुबन्ध ऐसा समझौता हैः
(अ) जो ऐसे पक्षकारों द्वारा बनाया जाता है जो अनुबन्ध में शामिल होना चाहते हैं।
(ब) कानून द्वारा अप्रवर्तनीय
(स) पीड़ित पक्षकार की इच्छा पर प्रवर्तनीय
(द) बिना सहमति व प्रतिफल के बनाया हुआ

## 2013 – June

**[80]** भारतीय अनुबन्ध अधिनियम, 1872 के अनुसार किसी एक समझौते को कानूनन प्रवर्तनीय कराने के लिये आवश्यकता होती हैः
(अ) वैधानिक समझौता
(ब) वैधानिक प्रतिफल
(स) समझौते के पक्षों की स्वतन्त्र सहमति
(द) इनमें से सभी

**[81]** एक ऐसा प्रस्ताव जो किसी अन्य पक्ष से प्रस्ताव प्राप्त करने के लिए किया जाता है __________ कहलाता है।
(अ) प्रस्ताव हेतु आमंत्रण
(ब) वैध प्रस्ताव
(स) व्यर्थनीय
(द) कोई नहीं

**[82]** लॉ बुक कम्पनी ने बार काउन्सिल के अध्यक्षों को हाल ही में निकली एक लॉ की पुस्तक को बेचने प्रस्ताव रखा। यह प्रस्ताव है :
(अ) सामान्य प्रस्ताव
(ब) विशेष प्रस्ताव
(स) गर्भित प्रस्ताव
(द) प्रस्ताव हेतु आमंत्रण

**[83]** एक ऐसा अनुबन्ध जिसमें सभी आवश्यक तत्व उपस्थित हैं परन्तु कुछ तकनीकी खामियों जैसे लिखित न होना, समय सीमा खत्म हो जाना आदि के कारण व्यर्थ हो जाता है, कहलाता हैः
(अ) वैध अनुबन्ध
(ब) व्यर्थनीय अनुबन्ध
(स) अवैध अनुबन्ध
(द) अप्रवर्तनीय अनुबन्ध

## 2013 – December

**[84]** ______________ के मामले में कोई भी अनुबन्धकीय समझौता नहीं हो पाता है क्योंकि किसी एक के प्रस्ताव को दूसरे द्वारा स्वीकार नहीं किया जा सकता है।
(अ) प्रति प्रस्ताव
(ब) स्थायी प्रस्ताव
(स) विपरीत प्रस्ताव
(द) विशेष प्रस्ताव

**[85]** एक दैनिक समाचार पत्र में पुराने फ्लैट की बिक्री का विज्ञापन दिया जाता है। यह प्रस्ताव है –
(अ) विशेष प्रस्ताव
(ब) सतत् प्रस्ताव
(स) खुला प्रस्ताव
(द) सामान्य प्रस्ताव

**[86]** ____________ भाग्य का खेल है
(अ) शर्तयुक्त अनुबन्ध
(ब) संयोगिक अनुबन्ध
(स) बाजी अनुबन्ध
(द) अर्द्ध अनुबन्ध

**[87]** A , B को कुछ पुस्तकें प्रत्येक ₹ 100 में देने का प्रस्ताव करता है किन्तु B इसे

10% छूट पर स्वीकार करने को कहता है। यह मामला है –
(अ) विपरीत प्रस्ताव
(ब) प्रति प्रस्ताव
(स) विशेष प्रस्ताव
(द) सामान्य प्रस्ताव

**[88]** _____________ अनुबन्ध को निष्पादित प्रतिफल के साथ अनुबन्ध कहा जाता है।
(अ) एकपक्षीय अनुबन्ध
(ब) पूर्ण अनुबन्ध
(स) द्विपक्षीय अनुबन्ध
(द) निष्पादकीय अनुबन्ध

**[89]** यदि सम्पूर्ण विशिष्ट माल विक्रय अनुबन्ध में प्रवेश होने से पूर्व खराब हो जाता है। अनुबन्ध होगा –
(अ) वैध
(ब) व्यर्थ
(स) व्यर्थनीय
(द) समाप्त

**[90]** तकनीकी खामियों के कारण अप्रवर्तनीय अनुबन्ध होने पर पक्षकार –
(अ) वाद कर सकते हैं
(ब) वाद नहीं कर सकते हैं
(स) यह अवैधानिक माना जायेगा
(द) इनमें से कोई नहीं

**[91]** विपरीत प्रस्ताव होने पर मूल प्रस्ताव हो जाता है –
(अ) अस्वीकृत
(ब) स्वतः स्वीकृत
(स) कुछ परिवर्तन के बाद स्वीकृत
(द) इनमें से कोई नहीं

## 2014 – June

**[92]** A, समाचारपत्र में अपनी पुरानी कार बेचने का विज्ञापन देता है। यह प्रस्ताव जाना जाता है:
(अ) सामान्य प्रस्ताव।
(ब) विशेष प्रस्ताव।
(स) सतत् प्रस्ताव।
(द) इनमें से कोई नहीं।

**[93]** एक व्यर्थ अनुबन्ध का अर्थ है:
(अ) एक समझौता जो कानून द्वारा प्रवर्तनीय नही कराया जा सकता है।
(ब) एक अनुबन्ध जो कानूनन प्रवर्तनीय नही हो सकता है।
(स) एक समझौता जो दण्ड के दायित्व का निर्माण करता है।
(द) एक अनुबन्ध जो पीड़ित पक्षकार के विकल्प पर प्रवर्तनीय होता है।

**[94]** निम्न में से सही कथन नही है:
(अ) स्वीकृति निश्चित होनी चाहिये।
(ब) एक प्रस्ताव का सम्प्रेषण आवश्यक है।
(स) एक प्रस्ताव शर्तयुक्त नहीं होना चाहिये।
(द) स्वीकृति किसी भी तरीके से दी जा सकती है।

**[95]** ................., मूल प्रस्ताव की अस्वीकृति के समान है।
(अ) प्रति प्रस्ताव
(ब) विशेष प्रस्ताव
(स) स्थायी प्रस्ताव
(द) विपरीत प्रस्ताव

## 2014 – December

**[96]** निम्नलिखित में से कौन–सा कथन सही है–
(अ) भारतीय अनुबन्ध अधिनियम, 1872 व्यक्तिगत विधि है

(ब) किसी अनुबन्ध में पक्षकारों के अधिकार और कर्त्तव्य सीमित नहीं हैं

(स) भारतीय अनुबन्ध अधिनियम, 1872 एक पूर्ण संहिता है

(द) कानून अनुबन्ध के पक्षकारों के अधिकार और कर्त्तव्यों का संज्ञान लेता है

**[97]** विशिष्ट प्रस्ताव किया जा सकता है

(अ) अनुबन्ध के सभी पक्षकारों को

(ब) सामान्य जनता को

(स) विशिष्ट व्यक्ति को

(द) उपर्युक्त में कोई नहीं

**[98]** एक प्रस्ताव जो स्वीकृति के लिए एक समयावधि के लिए खुला रहता है

(अ) प्रति प्रस्ताव

(ब) विपरीत प्रस्ताव

(स) स्थायी प्रस्ताव

(द) गर्भित प्रस्ताव

**[99]** एक अप्रवर्तनीय अनुबन्ध है–

(अ) एक अनुबन्ध जो प्रारम्भ से ही व्यर्थ है,

(ब) एक अनुबन्ध जो निश्चित तकनीकी कमी के कारण लागू नहीं किया जा सकता

(स) एक अनुबन्ध जिसे कानूनी प्रतिफल के बिना बनाया गया हो

(द) उपर्युक्त सभी

**[100]** अमर अपनी कार ₹ 50,000 में भीम को बेचने का एक प्रस्ताव तैयार करता है। भीम स्वीकृति का पत्र प्रेषित करता है। स्वीकृति का संवहन भीम के विरुद्ध पूर्ण होता है, जब

(अ) स्वीकृति का पत्र प्रेषित हो चुका हो

(ब) भीम द्वारा प्रस्ताव प्राप्त कर लिया गया हो

(स) अमर ने स्वीकृति का पत्र प्राप्त कर लिया हो

(द) भीम द्वारा स्वीकृति का पत्र लिखा जा चुका हो

**[101]** दायित्व उत्पन्न होते हैं

(अ) वैधानिक दायित्वों की स्थिति में

(ब) व्यर्थनीय करार

(स) भारतीय अनुबन्ध अधिनियम, 1872 के क्षेत्र से बाहर

(द) भारतीय अनुबन्ध अधिनियम, 1872 के क्षेत्र के भीतर

**[102]** एक अवयस्क व्यक्ति साझेदारी में उत्तरदायी होता है–

(अ) व्यक्तिगत रूप से

(ब) केवल फर्म के दिवालिया होने की स्थिति में

(स) असीमित दायित्व

(द) उपरोक्त में से कोई नहीं

## 2015 – June

**[103]** मोहन ने सोहन को X-Mas के त्योहार पर अपने घर पर ठहरने के लिए आमन्त्रित किया। सोहन ने निमन्त्रण स्वीकार कर लिया और उसके अनुसार सोहन ने मोहन को सूचित कर दिया। जब सोहन मोहन के घर पर पहुँचा तब पाया कि घर बन्द है।

इसलिए वह होटल में ठहर गया। अब सोहन, मोहन से होटल व्यय वसूल करना चाहता है। सोहन के लिए निम्न विकल्प उपलब्ध है–

(अ) सोहन, मोहन से होटल व्यय वसूल कर सकता है।

(ब) सोहन क्षतिपूर्ति वसूल कर सकता है।

(स) सोहन, मोहन के विरुद्ध वाद कर सकता है।
(द) इनमें से कोई नहीं

**[104]** मयूर ट्रेडर्स, चेन्नई से तिरूपति के बीच बसें चलाता है। बस चेन्नई रेलवे स्टेशन पर यात्रियों का इन्तजार करती है। एक यात्री मि0 रामालिंगम तिरूपति जाना चाहता है, वह बस के चालक या परिचालक की अनुमति के बगैर बस में सवार हो जाता है। यह मामला है–
(अ) व्यक्त प्रस्ताव
(ब) बाह्य प्रस्ताव
(स) अन्तः प्रस्ताव
(द) गर्भित प्रस्ताव

**[105]** केदार ने कार को सुधारने वाले मैकेनिक को ₹ 5,000 उपहारस्वरूप देने का वचन दिया। मैकेनिक ने उसके वचन पर विश्वास कर कुछ दायित्व ले लिये। केदार ने भुगतान देने से मना कर दिया क्योंकि यह अनुबन्ध वैध नहीं है। क्या मैकेनिक उक्त राशि केदार से प्राप्त कर सकता है?
(अ) कार मैकेनिक ₹ 5,000 केदार से प्राप्त कर सकता है।
(ब) कार मैकेनिक कुछ भी वापस नहीं पा सकता है क्योंकि उनके बीच कोई वैध अनुबन्ध नहीं है।
(स) कार मैकेनिक दायित्व की सीमा तक केदार से वसूल कर सकता है।
(द) कार मैकेनिक, केदार पर न्यायालय में दावा कर सकता है।

**[106]** A एक बॉल पेन का निर्माता है। वह विज्ञापन देता है कि भविष्य में उसके पेन का मूल्य ₹ 5 होगा तथा इससे अधिक मूल्य पर बेचने वाले पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। B ने उपरोक्त विज्ञापन पढ़ा लेकिन वह इसे भूल गया तथा पेन ₹ 8 में बेच दिया। A को सलाह दीजिए।
(अ) A, B के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही कर सकता है क्योंकि उसने विज्ञापन में साफतौर पर लिखा था।
(ब) A कोई कार्यवाही नहीं कर सकता है क्योंकि A और B के बीच कोई अनुबन्ध नहीं हुआ था।
(स) A कोई कार्यवाही नहीं कर सकता है क्योंकि यह एक अनजाने में की गयी गलती है।
(द) A कड़ी कार्यवाही कर सकता है क्योंकि B को बेचने से पूर्व विज्ञापन पढ़ चुका था।

**[107]** x का भतीजा घर से भाग गया। उसने अपने नौकर y को भतीजे की खोज में भेजा। इसके बाद x ने घोषणा की कि उसके भतीजे के बारे में सूचना देने वाले को उपहार मिलेगा। y ने उपरोक्त घोषणा देखने से पूर्व भतीजे को x के सामने प्रस्तुत कर दिया। y उपहार हेतु दावा करता है। इस मामले में–
(अ) y का दावा मना कर दिया गया क्योंकि उसने प्रस्ताव की स्वीकृति नहीं दी थी।
(ब) न्यायालय y को राशि वापस दिला सकता है

(स) y द्वारा किये गये व्यय का दावा नहीं किया जा सकता है।
(द) y राशि प्राप्त करने का दायी है।

## 2015 – December

**[108]** A ने B को अपने पुत्र के विवाह पर आमंत्रित किया। B ने प्रस्ताव स्वीकार कर लिया। इस मामले में एक समझौता है लेकिन अनुबन्ध नहीं, क्योंकिः
(अ) यहाँ कोई प्रतिफल नहीं है।
(ब) यहाँ कोई वैधानिक सम्बन्ध बनाने की इच्छा नहीं है।
(स) यहाँ कोई लिखित प्रपत्र नहीं है।
(द) यहाँ पर प्रस्ताव के प्रति कोई व्यावहारिक स्वीकृति नहीं है।

**[109]** B ने पत्र द्वारा एक प्रस्ताव प्राप्त किया। उसने अपनी स्वीकृति पत्र द्वारा दी, जो कि यथास्वरूप मुद्रांकित था, तथा उसे डाक पेटी में डाल दिया गया। यह हैः
(अ) वैद्य स्वीकृति
(ब) वैद्य स्वीकृति नहीं
(स) यह स्वीकृति का उचित तरीका नहीं है
(द) इनमें से कोई नहीं।

**[110]** ______ केवल एक प्रस्ताव का सर्कुलेशन ही है, और अपने साथ एक निश्चित प्रस्ताव को लाता है।
(अ) व्यक्त प्रस्ताव
(ब) गर्भित प्रस्ताव
(स) विशिष्ट प्रस्ताव
(द) प्रस्ताव हेतु आमंत्रण

**[111]** महावीर टूर आपरेटर्स जयपुर से नयी दिल्ली के बीच सुपर ए॰सी॰ बसें चलाती है। जयपुर में बस स्टॉप पर बस खड़ी है, तथा सवारियों का इन्तजार कर रही है। यहाँ यात्रियों के लिए बस से जाने का ______ है।
(अ) गर्भित प्रस्ताव
(ब) व्यक्त प्रस्ताव
(स) आन्तरिक प्रस्ताव
(द) विपरीत प्रस्ताव

**[112]** ______ वह अनुबन्ध है, जिसमें केवल एक ही पक्षकार को अपना वचन अथवा कुछ करने या न करने का दायित्व पूरा करना है।
(अ) द्विपक्षीय अनुबन्ध
(ब) अवैधानिक अनुबन्ध
(स) अपरिवर्तनीय अनुबन्ध
(द) एकपक्षीय अनुबन्ध

## 2016 – June

**[113]** A, ने B को टेलीग्राम किया, “क्या तुम मुझे अपना बंगला बेचोगे? मुझें ‘न्यूनतम मूल्य’ बताइये। ” B ने उत्तर दिया, “बंगले का न्यूनतम मूल्य $900 है।” A क्रय करने हेतु सहमत हो जाता है तथा उसके अधिकार पत्र के बारे में पूँछता है। इसके बाद उसे कोई उत्तर प्राप्त नहीं होता है?
(अ) हाँ, B बेचने हेतु दायी है क्योंकि A द्वारा प्रस्ताव स्वीकृत कर लिया गया है।
(ब) नहीं, यहाँ पर कोई अनुबन्ध नहीं है क्योंकि ‘B’ ने केवल न्यूनतम मूल्य हेतु संवहन किया है।
(स) हाँ, यह B द्वारा न्यूनतम मूल्य पर संवहन के लिए एक वैद्य अनुबन्ध बन गया है।
(द) नहीं, यह प्रस्ताव एक प्रस्ताव प्राप्त करने के लिए प्रस्ताव है।

**[114]** एक समझौता, जहाँ प्रतिफल अवैधानिक हो ________
(अ) व्यर्थनीय
(ब) व्यर्थ
(स) अप्रवर्तनीय
(द) वैध।

## 2016 – December

**[115]** आप अपने दिल्ली स्थित रोजगार स्थान से अपने घर हाथरस आवश्यक कार्य के लिए जाना चाहते हैं, बस स्टैण्ड पहुँचने पर आप को ज्ञात हुआ कि चन्द्रा. लि. कि बस स्टैण्ड पर खड़ी है जो पैसेंजर की प्रतीक्षा कर रही है:
(अ) आंतरिक प्रस्ताव
(ब) बाह्य प्रस्ताव
(स) गर्भित प्रस्ताव
(द) अभिव्यक्त प्रस्ताव।

**[116]** प्रस्ताविति के विरूद्ध स्वीकृति संवहन पूर्ण होता है:
(अ) जब स्वीकृति का पत्र प्रेषण से होता है।
(ब) जब वह प्रस्ताव की संज्ञान में आता है।
(स) जब स्वीकृति प्रेषित में जाती है।
(द) जब स्वीकृतिकर्ता इसे वैधानिक रूप से स्वीकार करता है।

**[117]** जब अनुबंध के बिना दायित्व उदय होता है:
(अ) अर्थ अनुबंध
(ब) स्थोगीव अनुबंध
(स) बाजी का अनुबंध
(द) स्पष्ट का अनुबंध।

**[118]** निम्न में से कौन–सा एक वैध प्रस्ताव है:
(अ) समाचार पत्र में विज्ञापन
(ब) मूल्य सूची
(स) समारोह में विज्ञापन
(द) ईनाम का विज्ञापन।

**[119]** व्यर्थ अनुबंध वह है जो–
(अ) पीड़ित पक्षकार लागू करवा सकता है
(ब) जब दोनों पक्षों के इक्ट्ठा होने पर
(स) जब न्यायालय के द्वारा प्रवर्तनीय न हो
(द) जब न्यायालय प्रतिबंध करे।

**[120]** ATM से धनराशि का आहरण कहलाता है:
(अ) अर्द्ध अनुबन्ध
(ब) व्यस्त अनुबन्ध
(स) अदृश्य/अव्यक्त अनुबन्ध
(द) उपरोक्त में कोई नहीं।

## 2017 – June

**[121]** 'राजनियम की अज्ञानता क्षम्य नहीं होती' यह आता है:
(अ) राजनियम सम्बन्धी गलती
(ब) विदेशी राजनियम की गलती
(स) एक पक्षीय गलती
(द) द्विपक्षीय गलती।

**[122]** माल के मूल्य का भुगतान के पूर्व क्रेता दिवालिया हो जाय तो वस्तु के ग्रहणाधिकार की दशा में, विक्रेता:
(अ) माल को बेच सकता है
(ब) आधिकारिक प्राप्तकर्ता को माल सौप देना चाहिए

(स) माल को रोक सकता है
(द) उसका क्रेता पर अन्य किसी देयता के विरूद्ध माल का विभाजन कर सकता है।

**[123]** स्वीकृति का संवहन पूर्ण माना जाता है जबः
(अ) जब प्रस्तावक के संज्ञान में आता है
(ब) यह हस्ताकंन की प्रक्रिया में उसके सामने तब प्रस्तुत किया जाता है जब वह उसे वापस करने की स्थिति में न हो
(स) जब उचित प्रकार से संवहन किया जाता है
(द) उपरोक्त सभी।

**[124]** एक प्रस्ताव जब बिना कुछ बोले या लिखे किया जाता है तो उसे कहते हैंः
(अ) विशिष्ट प्रस्ताव
(ब) अर्द्ध ठहराव
(स) गर्भित प्रस्ताव
(द) प्रति प्रस्ताव।

**[125]** एक प्रस्ताव हो सकता हैः
(अ) सामान्य प्रस्ताव
(ब) विशिष्ट प्रस्ताव
(स) स्पष्ट या अस्पष्ट प्रस्ताव
(द) उपरोक्त सभी।

**[126]** 'Quid pro quo' शब्द का प्रयोग निम्न सन्दर्भ में किया जाता हैः
(अ) प्रतिफल
(ब) पक्षकारों की क्षमता
(स) स्वतंत्र सहमति
(द) उद्देश्य की वैधानिकता।

**[127]** X ने Y को 10 कुन्तल गेहूँ बेचा और सुपुर्द कर दिया। Y ने बिना लिखित स्वीकृति दिये गेहूँ आटा मिल को भेज दिया यहाँः
(अ) स्वीकृति नहीं मानी जायेगी
(ब) गर्भित स्वीकृति मानी जायेगी
(स) यह स्वीकृति में चूँक हुई है
(द) यह अवरोध हुआ है।

**[128]** दूसरे पक्षकार का प्रभावपूर्ण स्थान एवं अनुचित लाभ लेना हैः
(अ) उत्पीड़न
(ब) अनुचित प्रभाव
(स) गलती
(द) कपट।

**[129]** व्यर्थनीय अनुबन्ध से आशय हैः
(अ) कानून द्वारा प्रतिबन्धित अनुबन्ध
(ब) कानून द्वारा प्रवर्तनीय अनुबन्ध
(स) एक या अधिक पक्षकारों को स्वीकृति पर प्रवर्तनीय अनुबन्ध
(द) लिखित या मौखिक शब्दों से बना अनुबन्ध।

**[130]** अविवाहित रहने का अनुबन्ध हैः
(अ) वैध
(ब) व्यर्थनीय
(स) व्यर्थ
(द) अप्रवर्तनीय।

## Answer

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (ब) | 2. | (अ) | 3. | (ब) | 4. | (ब) |
| 5. | (अ) | 6. | (अ) | 7. | (स) | 8. | (ब) |
| 9. | (अ) | 10. | (द) | 11. | (ब) | 12. | (अ) |
| 13. | (अ) | 14. | (ब) | 15. | (स) | 16. | (ब) |
| 17. | (स) | 18. | (ब) | 19. | (स) | 20. | (अ) |
| 21. | (स) | 22. | (द) | 23. | (स) | 24. | (ब) |
| 25. | (स) | 26. | (स) | 27. | (ब) | 28. | (स) |
| 29. | (ब) | 30. | (द) | 31. | (स) | 32. | (अ) |
| 33. | (स) | 34. | (अ) | 35. | (ब) | 36. | (ब) |
| 37. | (द) | 38. | (ब) | 39. | (ब) | 40. | (अ) |
| 41. | (द) | 42. | (ब) | 43. | (द) | 44. | (ब) |
| 45. | (स) | 46. | (अ) | 47. | (ब) | 48. | (ब) |
| 49. | (अ) | 50. | (स) | 51. | (ब) | 52. | (द) |
| 53. | (अ) | 54. | (ब) | 55. | (अ) | 56. | (अ) |
| 57. | (अ) | 58. | (अ) | 59. | (अ) | 60. | (द) |
| 61. | (ब) | 62. | (द) | 63. | (स) | 64. | (अ) |
| 65. | (अ) | 66. | (स) | 67. | (स) | 68. | (द) |
| 69. | (स) | 70. | (ब) | 71. | (द) | 72. | (अ) |
| 73. | (स) | 74. | (द) | 75. | (स) | 76. | (स) |
| 77. | (स) | 78. | (ब) | 79. | (अ) | 80. | (द) |
| 81. | (अ) | 82. | (ब) | 83. | (द) | 84. | (अ) |
| 85. | (द) | 86. | (स) | 87. | (अ) | 88. | (ब) |
| 89. | (ब) | 90. | (ब) | 91. | (अ) | 92. | (अ) |
| 93. | (ब) | 94. | (द) | 95. | (द) | 96. | (अ) |
| 97. | (स) | 98. | (स) | 99. | (ब) | 100. | (स) |
| 101. | (स) | 102. | (द) | 103. | (द) | 104. | (द) |
| 105. | (स) | 106. | (ब) | 107. | (अ) | 108. | (ब) |
| 109. | (अ) | 110. | (स) | 111. | (अ) | 112. | (द) |
| 113. | (द) | 114. | (ब) | 115. | (स) | 116. | (ब) |
| 117. | (अ) | 118. | (द) | 119. | (अ) | 120. | (स) |
| 121. | (अ) | 122. | (ब) | 123. | (ब) | 124. | (स) |
| 125. | (द) | 126. | (अ) | 127. | (ब) | 128. | (ब) |
| 129. | (स) | 130. | (स) | | | | |